FYBA Hindi - L - II
OPIOACX
7/10/15
I term

समय : २:३० घंटे | पूर्णांक : ७५

सूचना :- प्रश्न क्रमांक (४) के (अ) के लिए काल्पनिक नाम एवं पते का प्रयोग कीजिये।

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१६)

(क)

"जग पीड़ित है अति दुःख से
जग पीड़ित रे अति सुख से।
मानव जग में बंट जाये
दुःख सुख से औ' सुख दुःख से।"

अथवा

"आज यह दीवार, पर्दों की तरह हिलने लगी,
शर्त लेकिन थी कि ये बुनियाद हिलनी चाहिए।"

(ख) "भाई, यह तो कलियुग है। न किसी में दीन है, न ईमान। कौड़ी - कौड़ी पर लोग बेईमानी करने लग गये हैं, अरे अब तो लिख कर भी लोग मुकर जाते हैं। एक युग था, जब दानव तक अपना वचन निभाते थे।"

अथवा

"ठीक वैसे ही जैसे मित्र दफ्तर में आते तो समय से थे पर जाने में हमेशा कुछ देर कर देते थे वैसे ही समय हो जाने पर भी गाड़ी ने सीटी तो दे दी पर चली नहीं।"

प्रश्न - २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२४)

(च) 'स्नेह निर्झर बह गया है' कविता के माध्यम से जीवन में आने वाले परिवर्तन को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'सन्नाटा' कविता के माध्यम से सन्नाटे में छिपे शोर का विस्तृत वर्णन कीजिये।

(छ) 'ठंडः आजादी समाजवाद' रचना के व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'एक रेल सफ़र की बात' रचना के व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

पीछे देखिये......

10

Hindi - I - 1/10/17

OP10ACX

समय : २:३० घंटे पूर्णांक : ७५

प्रश्न – ३) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(ट) 'गीत – अगीत' रचना का आशय।

अथवा

'मुनासिब कारवाई' कविता की मूल संवेदना।

(ठ) 'सुदामा के चावल' रचना का व्यंग्य।

अथवा

पंडित बिलवासी की चतुराई।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (०५)

१) यशोधरा के नयन उन्हें क्या कहते हैं?
२) पन्त जी के अनुसार किसके मधुर – मिलन से जीवन परिपूर्ण होता है?
३) 'कालिदास से' रचना के रचनाकार का नाम लिखिए।
४) लेखक दिल्ली क्यों जाना चाहते थे?
५) लेखक ने अंगद का पाँव किसे कहा है?

प्रश्न –(५) (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र का प्रारूप निर्मित कीजिए :- (१०)

१) अपने मित्र की वर्षगाँठ पर उसे बधाई देते हुए पत्र का नमूना तैयार कीजिये।

अथव

आपके भाई की शादी पड़ जाने के कारण आप एक सप्ताह तक महाविद्यालय में उपस्थित नहीं हो सके हैं। अतः एक सप्ताह के अवकाश के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप निर्मित कीजिये।

पीछे देखिए....

OP10AcX

समय : २:३० घंटे | पूर्णांक : ७५

(ब) कोष्ठक में दी गयी सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१) गाड़ी छूटने वाली नहीं थी। (सकारात्मक वाक्य में बदलिए) (०२)

२) ली कर दिल्ली फतह। (वाक्य शुद्ध करके पुनः लिखिए) (०२)

३) देश का विकास होने वाला है। (पूर्ण वर्तमान काल में परिवर्तित कीजिये) (०२)

४) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए :- (०२)

१) टीकट २) सचमूच ३) आर्कषक ४) शालिन

५) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (०२)

१) ताव में आना।

२) तितर – बितर होना।

३) फूला न समाना।

४) मिटटी से सोना उगाना।

****

11